संख्या–cm-135
13/04/2022

पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान पार्षद नन्द किशोर राम के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 13 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व विधायक एवं पूर्व विधान पार्षद नन्द किशोर राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। सामाजिक कार्यों एवं गरीबों की सेवा के प्रति उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******